# कार्यालय उप परियोजना निदेशक, डब्लू0डी0सी0–पी0एम0के0एस0वाई0 2.0, अल्मोड़ा प्रभाग, महाजन बिल्डिंग, करबला रोड़, अल्मोड़ा

Email–dpdalmora@rediffmail.com Phone/Faxe:05962–254693

पत्रांक : 238 /3–2/2023–24 अल्मोड़ा दिनांक 10 जनवरी 2024

## अनुबन्ध पर नियुक्ति सम्बन्धी विज्ञप्ति

जलागम प्रबंधन निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून अंतर्गत सृजित राज्य स्तरीय नोडल एजेन्सी (SLNA) के माध्यम से जलागम विकास घटक–प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना–2.0 (WDC–PMKSY 2.0) के अंतर्गत अल्मोड़ा जनपद के क्रमशः भिकियासैण, सल्ट, चौखुटिया तथा ताड़ीखेत विकासखण्डों में संचालित की जा रही है। परियोजना संचालन के हितार्थ क्रमशः चार यूनिट कार्यालय अल्मोड़ा–I, अल्मोड़ा–II, अल्मोड़ा–III, तथा अल्मोड़ा–IV उपरोक्त विकासखण्डों में स्थापित हैं जिनमें SLNA द्वारा स्वीकृत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/संगणकों के क्रमशः एक–एक पद रिक्त हैं। इसके साथ ही तीन यूनिट कार्यालयों क्रमशः अल्मोड़ा–II, अल्मोड़ा–III, तथा अल्मोड़ा–IV में एक–एक कार्यालय सहायक का पद भी रिक्त है। उक्त सभी पदों के सापेक्ष अनुबन्ध के आधार पर निम्नलिखित पदों हेतु SLNA द्वारा जारी किए गए Terms of Reference (TOR) में उल्लिखित योग्यता धारित इच्छुक एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, कोरियर अथवा दस्ती रुप से विज्ञप्ति के अन्त में दिये गये पते पर दिनांक 27.01.2024 को सायं 4:00 बजे तक प्रेषित/जमा किए जा सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस को उपरोक्त आवेदन जमा किया जा सकता है। :–

| कार्यालय का नाम | पद का नाम | पत्रांक–482B1–2/SLNA/Rec/2023–24, दिनांक 01/11/2023 द्वारा अनुमन्य पारिश्रमिक मानदेय (रू0) | प्रत्येक परियोजना हेतु पदों की संख्या (न0) | कुल रिक्त पदों की संख्या (न0) |
|---|---|---|---|---|
| यूनिट कार्यालय चार<br>अल्मोड़ा–I<br>अल्मोड़ा–II<br>अल्मोड़ा–III<br>अल्मोड़ा–IV | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/संगणक | 22500 | 01 | 04 |
| अल्मोड़ा–II,<br>अल्मोड़ा–III,<br>अल्मोड़ा–IV | कार्यालय सहायक | 14000 | 01 | 03 |

आवेदन में दी गई आर्हता के साथ स्वप्रमाणित वांछित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारुप एवं सेवाशर्तो Terms of Reference (TOR) को जलागम प्रबन्धन निदेशालय की वेबसाईट www.wmduk.gov.in से अथवा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 25.01.2024 की सायं 5:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। उक्त पदों हेतु प्रारम्भ में अनुबन्ध की अवधि 11 माह होगी, समीक्षा उपरान्त कार्य संतोषजनक पाए जाने पर आगे के लिए अनुबंध विस्तार किया जाएगा।

**कार्यालय का पता**– उप परियोजना निदेशक, जलागम प्रबन्धन,
अल्मोड़ा प्रभाग, महाजन बिल्डिंग,
करबला रोड़, अल्मोड़ा पिन–कोड– 263601।

**(डा0एस0के0उपाध्याय)**
उप परियोजना निदेशक
डब्लू0डी0सी0–पी0एम0के0एस0वाई0 2.0,
अल्मोड़ा प्रभाग।